दिनांक 27.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

आयुक्त महोदय ने 24 सुविधा केन्द्र में स्थित फीड बैक मशीन का बटन दबाकर देखा काम करता है या नहीं

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुन्दरानी ने आज भिलाई नगर, कोसानगर रेल्वे स्टेशन के पास स्थित स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 की तैयारी का जायजा लिया। आयुक्त महोदय एवं टीम द्वारा सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों, एवं 24 सुविधा केन्द्र का निरीक्षण किया गया जिसमें शौचालयों के मुलभुत सुविधाओं के आधार पर रैंकिग किया जाना है। जैसे– पानी की उपलब्धता, नहाने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, महिला एवं पुरुष के लिए अलग–अलग ब्लॉक, बच्चों एवं दिव्यांगों के लिए अतिरिक्त व्यवस्था के आधार पर शहर में स्थित सामुदायिक, सार्वजनिक शौचालयों के निरीक्षण के उपरान्त अंक दिये जायेंगे इन अंको के आधार पर सर्वश्रेष्ठ शौचालय का चयन किया जायेगा। आयुक्त महोदय द्वारा भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन के समीप जोन 01 क्षेत्रान्तर्गत स्थित 24 सुविधा केन्द्र, एवं आसपास की सफाई व्यवस्था व वृक्षारोपण, को देखकर संतुष्ट हुए सिटी बस डिपो का भी निरीक्षण किया गया जिसमें बसों को रखने हेतु जगह की व्यवस्था का जायजा लिया गया साथ ही शेष बचे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, एवं बस डिपो को प्रारम्भ करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये गये। एसएलआरएम सेंटर चिन्हित करने हेतु जोन आयुक्त संजय बागड़े को निर्देशित किया गया।

आयुक्त महोदय द्वारा सभी जोन आयुक्त को शौचालयों की व्यवस्था सुधारने हेतु पूर्व में निर्देश दिये जा चुके हैं। निरीक्षण के दौरान आर0के0 साहू अधीक्षण अभियंता, सुनील दुबे, तपन अग्रवाल सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

जन सम्पर्क अधिकारी